खाटू वाले मै तेरा बचा

खाटू वाले मै तेरा बचा,
मै तेरे हवाले तू साथी सचा,
मेरी ज़िन्दगी को श्याम, अब तू हि संभाले,
खाटू वाले मै तेरा बचा.......

क्या मांगू तुमसे, सब तुमने दिया,
बिना मांगे मेरा हर काम किया,
हर दुख की घड़ी मे, विपदा पड़ी मे,
तूने संभाला ये तेरा बचा,
खाटू वाले मै तेरा बचा.....

मुझे क्या फिकर, तू मेरे साथ है,
तेरे हाथो मे जब मेरा हाथ है,
दिया सहारा, पार उतरा,
हारे का सहारा, तेरा नाम है सचा,
खाटू वाले मै तेरा बचा......

दानी दयालु तुम दातार हो,
'रोहित' जैसे भी दर से भव पार हो,
दर पे जो आये, दर्शन पाए,
जीवन बन जाए उसका अच्छा,
खाटू वाले मै तेरा बचा.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30879/title/khatu-wale-main-tera-bachha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |